भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **5324** जिसका उत्तर

गुरूवार, **25 जुलाई**, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाना है

भारतीय माल व्यापार

5324. डॉ॰ उमेश जी॰ जाधव:

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय और विदेशी जहाजों में किये जाने वाले भारतीय माल व्यापार की संख्या और प्रतिशत का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अधिकांश भारतीय माल व्यापार विदेशी जहाजों के माध्यम से किया जाता है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) व्यापार में भारतीय जहाजों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय और विदेशी जलयानों पर किया गया भारतीय माल व्यापार निम्नानुसार है:

वर्ष	भारतीय जलयानों पर वहन की गई मात्रा (हजार एमटी में)	% हिस्सा	विदेशी जलयानों पर वहन की गई मात्रा (हजार एमटी में)	% हिस्सा	कुल मात्रा (हजार एमटी में)
2017-18	69708	7.1%	905834	92.9%	975542

भारतीय बेड़े की वृद्धि लंबी अवधि के लिए बैंक-ग्राहय कार्गो संविदाओं में कमी, उच्च पूंजी लागत, अपेक्षाकृत उच्च कर भार तथा पोत परिवहन उद्योग में समग्र रूप से वैश्विक मंदी के कारण प्रभावित हुई है।

(घ) पोत परिवहन उद्योग को अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए हाल ही के वर्षों में विभिन्न उपाए किए गए हैं। इनमें भारतीय ध्वज वाले जलयानों में उपयोग किए जाने वाले बंकर ईंधन पर जीएसटी को 18% से घटा कर 5% करना; प्रथम इनकार करने का अधिकार (आरओएफआर) के माध्यम से भारतीय पोत परिवहन उद्योग के लिए कार्गो समर्थन तथा सरकारी स्वामित्व वाले नियंत्रित कार्गो के लिए फ्री-ऑन-बोर्ड (एफओबी) आयात की नीति का अनुपालन करना; भारत में आधारित पोत परिवहन उद्यमों को विदेश में पोत अर्जित करने तथा अपनी सुविधा के देश में उनको फ्लेग करने की अनुमति प्रदान करना; भारत के नागरिकों द्वारा विदेशों में पंजीकृत पोतों की चार्टरिंग के लिए अपेक्षित लाइसेंस को हटाना; कृषि और अन्य वस्तुओं, उर्वरक, एक्जिम ट्रांशिपमेंट कंटेनर और खाली कंटेनर आदि की तटीय आवाजाही को प्रोत्साहित करना शामिल है।

*****